RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 342
हिसार | शनिवार, 9 मार्च, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रुपए पृष्ठ ६







## भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 64 रनों से जीता 5वां टेस्ट

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 9 मार्च :** धर्मशाला में खेला गया भारत और इंग्लैडं के बीच पांचवां मैच आखिरकार भारतीय टीम ने जीत लिया है। इस मैच में भारत ने मेहमान टीम को 64 रनों से हराया है। इसी के साथ इस सीरीज पर भारत ने 4-1 से कब्जा जमाया है। यहां तक कि टीम इंडिया पहला मैच इस सीरीज का हारी थी, लेकिन सीरीज के बाकी चारों मुकाबले जीतकर भारत ने इतिहास रच दिया। इंग्लैंड की टीम भारत में बैजबॉल पर टेस्ट सीरीज जीते के इरादे से आई थी, लेकिन पहले मैच को जीतने के बाद भी इंग्लिश टीम वापसी नहीं कर सकी है। वहीं इस मुकाबले में इंग्लैंड की टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी।

## प्रधानमंत्री ने अरुणाचल में विश्व की सबसे लंबी सुरंग का किया शुभारंभ

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 9 मार्च :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सप्ताहांत की शुरुआत असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी और अरुणाचल प्रदेश में दुनिया की सबसे लंबी बाय-लेन सुरंग (सेला टनल) के उद्घाटन के साथ की। पीएम मोदी 8 मार्च को ही असम पहुंच गए थे। पीएम मोदी आज सुबह काजीरंगा नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी पर गए। उन्होंने सबसे पहले पार्क के सेंट्रल कोहोरा रेंज में हाथी की सफारी की। इसके बाद वह वन अधिकारियों के साथ उसी रेंज में जीप सफारी पर गए। उन्होंने उसके बाद दिन में अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में 'विकसित भारत विकसित उत्तर पूर्व' कार्यक्रम में दुनिया की सबसे लंबी बाय-लेन सुरंग, सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया। सेला सुरंग एक इंजीनियरिंग चमत्कार है जो अरुणाचल प्रदेश में सेला दर्रे के पार तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए बनाई गई है। करीब 825 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह सुरंग देश के



लिए रणनीतिक महत्व भी रखती है। इसका शिलान्यास पीएम मोदी ने 2019 में किया था। एक कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर तंज कसे और कहा, 'कांग्रेस ने सीमावर्ती क्षेत्रों को अविकसित रखने की कोशिश की। सेला सुरंग पहले भी बनाई जा सकती थी लेकिन उनकी प्राथमिकता अलग थी। वे सोचते थे कि अरुणाचल में केवल दो लोकसभा सीटें हैं, इतना काम क्यों करें। मैं लोगों से वादा करता हूं सेला में मैं अपने तीसरे कार्यकाल में फिर से आऊंगा।'

## हरियाणा पुलिस ने किया एटीएम फ्रॉड गिरोह का पर्दाफाश, मुंबई से 3 गिरफ्तार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**पंचकूला, 9 मार्च :** हरियाणा पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट, सिरसा ने एक एटीएम धोखाधड़ी मामले को सुलझाने और मुंबई से तीन अपराधियों को पकड़ने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। गिरोह ने 2 सितंबर 2023 को तलवाड़ा खुर्द गांव की एक महिला को निशाना बनाया था। पीड़िता, शेफाली मेहता ने हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोन किया और ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई, जिसमें 1,73,000 रुपये की हानि बताई गई थी। आरोपियों नेअपने को बैंक अधिकारियों बताते हुए उन्हें अपना एटीएम कार्ड विवरण और ओटीपी प्रकट करने के लिए धोखा दिया था, जिसका उपयोग उन्होंने उसके एटीएम पिन को रीसेट करने के लिए किया, जिसके बाद उसका 1.2 लाख रुपये का मोबाइल फोन और अन्य सामान चोरी हो गया। पुलिस ने गहन जांच की और महत्वपूर्ण सुराग जुटाए, जिसके बाद उन्हें मुंबई ले जाया गया, जहां उन्होंने तीनों आरोपियों - मोहम्मद तोहिद, मोहम्मद तोसिफ और मोहम्मद जुनैद अली को पकड़ लिया। जांच में पता चला कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक, मोहम्मद तोसिफ, डाक विभाग का कर्मचारी था, जिसने ग्राहकों के लिए बने एटीएम कार्ड चुरा लिए और उन्हें धोखाधड़ी गतिविधियों के लिए अपने साथियों को सौंप दिया। अन्य दो आरोपी, मोहम्मद तोहिद और जुनैद अली, चोराए गए मोबाइल नंबरों का उपयोग करके एटीएम कार्डधारकों को फोन करते थे और डाकघर के अधिकारी बनकर पीड़ित के पते पर कार्ड पहुंचाने के लिए एटीएम सत्यापन करने का नाटक करते थे। सत्यापन की



आड़ में, वे पीड़ितों से ओटीपी प्राप्त करते थे और एक नया एटीएम पिन बनाते थे, जिससे उन्हें पीड़ितों के खातों से पैसे निकालने या सामान खरीदने और उन्हें बाजार में बेचकर पैसा कमाने की अनुमति मिलती थी। गिरफ्तार आरोपी, मोहम्मद तोहिद के खिलाफ पहले से तीन मामले दर्ज हैं, जबकि मोहम्मद तोसिफ के खिलाफ एक मामला दर्ज है। एक मामले में, आरोपियों के पास से लगभग 80 एटीएम कार्ड बरामद हुए। वर्तमान मामले में सिरसा जिला पुलिस ने आरोपियों से 30,000 रुपये नकद और 1,20,000 रुपये का एक आईफोन बरामद किया है।यह मामला एटीएम कार्ड सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करता है और व्यक्तियों को कभी भी अपना ओटीपी किसी के साथ फोन पर साझा नहीं करना चाहिए, भले ही वे बैंक या सरकारी एजेंसी से होने का दावा करें। सतर्कता महत्वपूर्ण है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत बेहॉर्डन को सूचित किया जाना चाहिए।

## विधायक विनोद भयाना ने 7.50 करोड़ लागत की विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

*ढाणी कुतुबपुर सड़क निर्माण तथा थुराना गांव की फिरनी को पक्का करने का कार्य हुआ शुरू*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 9 मार्च :** विधायक विनोद भयाना ने गत दिवस 7 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार होने वाली विकास परियोजनाओं की निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। श्री विनोद भयाना ने थुराना गांव की कच्ची फिरनी को पक्का करने के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के बाद ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि फिरनी का निर्माण कार्य निर्धारित समय अवधि में पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गांव के विकास को लेकर कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी जा रही है, लोगों की मांग के अनुरूप गांव में हर विकास कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा रहा है । मुख्यमंत्री खेत खलियान योजना के तहत गांव के 15 कच्चे रास्तों को पक्का करने के लिए 2 करोड़ 22 लाख रुपए की राशि मंजूर हो चुकी है। जल्द ही इन रास्तों को पक्का करने का काम शुरू करवाया जाएगा। इनके अलावा गांव में तीन किलोमीटर लंबाई के खेतों के रास्तों को भी पक्का करवाया जाएगा। इसके लिए भी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि गांव की धानक बस्ती वाली गली के निर्माण के लिए भी लगभग 8.80 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। इस गली का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू होगा। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर थूराना गांव में फिलहाल लगभग 4 करोड रुपए राशि के विकास कार्य करवाये जाएगे। इसके बाद विधायक विनोद भयाना ने ढाणी कुतुबपुर सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस विकास परियोजना पर 5 करोड़ 80 लाख रुपए की राशि खर्च आएगी । 7.57 किलोमीटर लंबाई की इस सड़क की चौड़ाई फिलहाल 18 फीट है जो अब बढ़कर 23 फुट की जाएगी। नाबार्ड योजना के तहत बनने वाली इस सड़क का निर्माण भवन एवं सड़क विभाग द्वारा करवाया जाएगा। इस अवसर पर भवन एवं सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल नरवाल, एसडीओ सौरव चौहान, जेई सुरेंद्र सरदाना, सरपंच अजय पवार, बक्शी ठकराल, संदीप गुर्जर, लव केस टुटेजा, दीपक शर्माज़ अमर सिंह, रोहतास, निहाल सिंह, जुगल किशोर शास्त्री, गोलू, रामपाल तथा मुकेश ठेकेदार सभी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## प्रताप फाउंडेशन ने महाराणा प्रताप और वीर भामाशाह की मूर्तियां स्थापित करने की निकाय मंत्री से रखी मांग

**कैबिनेट मंत्री ने कहा प्रस्ताव अति उत्तम, बच्चों में महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा मिलती है**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने स्थानीय कैनाल रेस्ट हाउस में जनसमस्याएं सुनी और मौके पर ही उनका निदान किया। इसी दौरान महाराणा प्रताप फाउंडेशन का एक प्रतिनिधि मंडल संस्था के अध्यक्ष जय सिंह पंवार के नेतृत्व में निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें मांग रखी गई है कि वीर महाराणा प्रताप और दानवीर सेठ भामाशाह हमारे राष्ट्र के गौरव है। देश का बच्चा -बच्चा प्रताप के शौर्य व अपना पूरा कोष अपनी मातृभूमि के लिए समर्पित करने वाले सेठ भामा शाह के नाम से परिचित है। नगर में कहीं उपयुक्त चौराहों पर महाराणा प्रताप और भामाशाह की मूर्तियां स्थापित की जाएं। निकाय मंत्री ने संस्था के सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि संस्था का प्रस्ताव अति उत्तम है। बच्चों में महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा मिलती है, उनमें देश भक्ति के संस्कार उत्पन्न होते है। मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूप वाला ने बताया कि वहीं हरियाणा प्रदेश वैश्य सम्मेलन का एक शिष्ठ मंडल जिला अध्यक्ष संजय डालमिया की अध्यक्षता में एक प्रशस्ति पत्र सौंप कर अग्रोहा में राष्ट्रीय विरासत अग्रोहा टीले की पुरातत्व खुदाई व महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलिजे में महाराजा अग्रसेन के नाम से चेयर की स्थापना करने का निर्णय लेने के लिए निकाय मंत्री का धन्यवाद किया। इस अवसर पर संस्था के महामंत्री विरेन्द्र गुप्ता व संस्था के कोषाध्यक्ष नरेन्दर गोयल भी उपस्थित रहे।




## सहकार भवन का शुभारंभ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च (देवेन्द्र उप्पल):** मॉडल टाउन हिसार में आज नव- स्थापित सहकार भवन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर श्री डी एन ठाकुर, राष्ट्रीय अध्यक्ष सहकार भारती, मुख्य अतिथि थे और धनंजय सिंह विशिष्ठ अतिथि के रूप में पधारे। हरको बैंक के अध्यक्ष हुकम सिंह भाटी ने समारोह की अध्यक्षता की। समारोह के संयोजक पियूष मेहता, प्रदेश सहसंयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा और सहसंयोजक विकास बिश्नोई, मनप्रीत सिरस्व, राजेंद्र गोदारा, सुशील भटोल, राजेंद्र सपरा, सुधीर पानू, सुरेंद्र मेहता व संजय सेहरा थे। भाजपा की जिलाध्यक्ष आशा खेदड़ ने अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद किया और कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की इच्छा अनुसार सहकारिता आंदोलन भारत को अगले दशक में विकसित देश बना देगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, नेशनल लैबर फेडरेशन के प्रबंध निदेशक विनय चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, नगरपालिका बरवाला के चेयरमैन रमेश सरदाना व निवर्तमान मेयर गौतम सरदाना इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय..........

## अन्य देश के युवाओं को युद्ध में धकेलना अनैतिकतता

*भारतीयों का किसी विदेशी जंग में मारा जाना जितना दुखद है, उससे कहीं ज्यादा शर्मनाक है। दुखद इसलिए कि भारतीयों को युद्ध लड़ने के लिए मजबूर किया गया और शर्मनाक इसलिए कि हम भारत से अपने युवाओं के पलायन या विदेश यात्रा की निगरानी ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। बहरहाल, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने देर से ही सही, कदम उठाया है और आकर्षक नौकरियों के बहाने भारती युवाओं को रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में भेजने की साजिश में शामिल एक प्रमुख मानव तस्कर नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई ने दिल्ली, तिरुवनंतपुरम, मुंबई, अंबाला, चंडीगढ़, मदुरै और चेन्नई में अनेक ठिकानों पर तलाशी ली है। दरअसल, ऐसे लोगों पर शिकंजा कसना आज समय की बड़ी मांग है। अनेक वीजा सलाहकार कंपनियों और एजेंटों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं, तो इन सभी के बारे में लोगों को सब कुछ पता होना चाहिए, ताकि वे सतर्कता बरतें। काश! इन धोखेबाज कंपनियों पर पहले ही शिकंजा कसा जाता, तो आज अनेक यूवा असूरक्षा का शिकार होने से बच जाते। सीबीआई की सक्रियता तब सामने आई है, जब विदेशी जंग के मोर्चे पर भारतीयों के मारे जाने की खबर आने लगी है। हैदराबाद के 30 वर्षीय मोहम्मद अफसान के यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध में मारे जाने के बाद खासतौर पर जागरूकता बढ़ी है। अफसान को धोखे से रूसी सेना में शामिल किया गया था। एक सप्ताह पहले सूरत के हामिल मंगुकिया की भी मौत विदेशी मोर्चे पर हुई है। सबसे दुखद बात है कि रूस ने मौत की पुष्टि की है, लेकिन युवक को विदेश भेजने वाला एजेंट अभी भी लोगों को बरगलाने में जुटा है। ऐसे एजेंटों पर प्रशासन अगर पूरी सख्ती से शिकंजा कसे, तो ही लोगों के बीच सही संदेश जाएगा। अफसान और हामिल जैसे युवा सैकड़ों में हो सकते हैं। विगत समय में कई नौजवानों को रूस में मोटी तनख्वाह के साथ रोजगार का झूठा आश्वासन दिया गया है और बताया गया है कि उनके जीवन को कोई खतरा नहीं है। एजेंटों ने इन युवाओं से लाखों रुपये लेकर रूस भेजा है। कथित रूप से वहां इन युवाओं को दो विकल्प दिए गए हैं या तो दस साल की जेल स्वीकार करें या फिर सेना में शामिल हो जाएं। जाहिर है, ज्यादातर युवाओं ने कैद के बजाय सैन्य सेवा को चुना है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब और हरियाणा के रहने वाले सात युवाओं के एक समूह ने भारतीय अधिकारियों से सहायता के लिए गुहारलगाई है। इन नौजवानों का भी आरोप है कि उन्हें रूसी सैन्य सेवा में शामिल करके धोखा दिया गया है। जहां तक भारत सरकार या विदेश मंत्रालय का संबंध है। पिछले महीने ही रूसी सेना में सहायक भूमिकाओं के लिए भारतीय नागरिकों की भर्ती की खबरें सामने आने के बाद विदेश मंत्रालय ने चेतावनी जारी की थी। रूसी अधिकारियों के समक्ष भी मामला उठाया गया था। रूसी अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया जाना चाहिए कि उनके यहां सेना में भारतीयों का कतई इस्तेमाल न हो। भारत अनेक बार युद्ध की खिलाफत कर चुका है। रूस में अगर जवानों की कमी होने लगी है, तो उसे युद्ध से पीछे हटना चाहिए। किसी भी अन्य देश के जवानों के बल पर युद्ध जारी रखना अनैतिकता, बर्बरता और जघन्य युद्ध अपराध से कम नहीं है। यूक्रेन-रूस युद्ध में शामिल भारतीयों की संख्या भले नगण्य हो, पर विश्व स्तर पर ऐसी किसी भी भर्ती साजिश को नाकाम करने की दिशा में भारत को पुख्ता कोशिशें करनी चाहिए।*

# समाज उसे पूजता है जो अपने लिए नहीं, दूसरों के लिए जीता है

### अध्यात्म

आज अधिकतर लोगों में संतुष्टि का भाव दिखाई नहीं देता। जो कुछ हमारे पास है, उससे कहीं और ज्यादा हमें चाहिए। मनुष्य में लालच और महत्वाकांक्षाएं इतनी अधिक बढ़ गई हैं कि वह जीवन के अस्तित्व को भी दांव पर लगाकर वह सब और पा लेना चाहता है जो पहले से ही किसी न किसी रूप में उसके पास है। कैसी विडंबना है कि हम तृप्ति एवं झूठे दिखावे के लिए तो सब कुछ कर रहे हैं, सामाजिक जीवन के लिए नहीं। यह इसलिए अधिक है कि आज अधिकांश लोग दिखावे का जीवन जी रहे हैं। मैं अपने आपको देखता हूं, किंतु स्वयं को नहीं देख पाता। दुनिया का कोलाहल सुनाई देता है, परंतु अपने अंतर के स्वर को सुन नहीं पाता। यदि हमारा आकर्षण अंतर जगत की ओर होता तो संतुष्टि, संयम एवं संतुलन जीवन के आधार होते। मेरा घर मेरे लिए आकर्षण का केंद्र नहीं है, दूसरों के घर में आकर्षण लगता है। अपनी थाली का भोजन पसंद नहीं, दूसरे की थाली में जो है वह प्रिय लगता है। मेरी गाड़ी चाहे जितनी बड़ी और कीमती हो, लेकिन दूसरों की गाड़ी ज्यादा अच्छी लग रही है। दूसरों को अच्छा मानते हैं, स्वयं को नहीं जानते। इसलिए जीवन समस्याग्रस्त होता जा रहा है। दूसरों के माध्यम से आज हम किसी बात को स्थापित करना चाहते हैं, स्वयं के अनुभव से नहीं बता पाते। जीवन की यही सबसे बड़ी विसंगति है। आदमी विचारों, धारणाओं और संस्कारों का भार ढोता है, किंतु जीवन में उन्हें मूर्तरूप देने का, व्यवहार में उतारने की नहीं सोचता। मनुष्य ने यह कैसी सोच बना ली है कि त्याग और बलिदान के बिना ही कोई सस्ता लाभ मिल जाए। पूजा-पाठ पंडितजी कर दें और लाभ किसी और को मिल जाए। आज तो विज्ञान के युग में व्यक्ति खाने और पचाने से भी बचना चाहता है। सच्चा, प्रामाणिक एवं ईमानदार रहकर काम करने वाले को अनेक प्रकार का लाभ होता है, किंतु इसके लिए जीवन के नजरिये को बदलना जरूरी है। लगता है, जैसे स्वार्थ ने नींवों को खोखला करने की ठान रखी है। उसी की आराधना में आज हम सब लिप्त रहते हैं। यह जानते हुए भी कि हम पतन की ओर बढ़ रहे हैं, अपनी गति और मति को हम रोक नहीं पा रहे हैं। जीवन भार बन गया है। धनी-निर्धन, छोटे-बड़े सब दुखी हैं। इस स्थिति से उबरने का एक ही मार्ग है और वह यह है कि हम अपने आप को टटोलें। अपने भीतर के काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर आदि कषायों को दूर करें और उसी मार्ग पर चलें जो मानवता का मार्ग है। हमें समझ लेना चाहिए कि मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है, वह बार-बार नहीं मिलता। समाज भी उसी को पूजता है, जो अपने लिए नहीं, दूसरों के लिए जीता है।




# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** विभिन्न स्त्रोतों से धन लाभ होगा। उपहार प्राप्त होने की संभावना। प्यार के मामले में सफलता मिलेगी।
**वृषभ :** कार्यों में आ रही रूकावटे दूर होगी। राजकीय मामले सुलझने से राहत मिलेगी। कार्यक्षेत्र में मान व वर्चस्व बढ़ेगा।
**मिथुन :** पूंजी निवेश होने से लाभ होगा। भाग्योदय होने की संभावना। नए संपर्कों का लाभ मिलेगा।
**कर्क :** मन तनावग्रस्त रहेगा। अनावश्यक विवादों से दूर रहें। आलोचना का शिकार हो सकते हैं। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।
**सिंह :** सुख-सुविधा के सामान पर खर्च संभव है। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता रहेगी। व्यक्तित्व में निखार आएगा।
**कन्या :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। खान-पान में लापरवाही से सेहत बिगड़ सकती है। आत्मविश्वास में कमी आएगी। भगवान गणेश जी की पूजा करें।
**तुला :** संतान के भाग्योदय से प्रसन्नता मिलेगी। पारिवारिक आयोजन सफल रहेंगे। मनचाही सफलता की राह आसान होगी।
**वृश्चिक :** आर्थिक नुकसान होने की संभावना। जोखिम लेने से बचें। हृदय रोगी विशेष सावधानी बरतें। शनिदेव की पूजा करें।
**धनु :** अधिकारियों से निकटता बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में इच्छित सफलता मिलेगी। नई योजनाओं की शुरूआत लाभकारी रहेगी।
**मकर :** परिवार के साथ खुशी भरा समय व्यतीत करेंगे। महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त होंगे। रिश्तेदारों के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।
**कुंभ :** नए काम की शुरूआत हो सकती है। अनुभवी लोगों की मदद से उलझने दूर होगी। जल्दबाजी करने से बचें धैर्य से काम लें।
**मीन :** मन में नकारात्मक विचार आएंगे। तनाव की स्थिति में फैसला लेना मुश्किल होगा। कार्यों में अवरोध के चलते मन में खिन्नता बढ़ेगी। दुर्गा माता की पूजा करें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

# 51वां बबरान नरेश प्रकटोत्सव 10 से बीड़ बबरान धाम में

### पहले दिन हनुमान मंदिर, नागोरी गेट से बबरान धाम तक निकलेगी निशान यात्रा

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 9 मार्च :** श्री श्याम बाबा मंदिर ट्रस्ट बीड़ बबरान के तत्वाधान में 51वां बबरान नरेश प्रकटोत्सव श्री श्याम बाबा मंदिर, बीड़ बबरान धाम में 10 मार्च से 16 मार्च तक धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा अनेक गणमान्य लोग अतिथि के रुप में भाग लेकर श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। धाम के महंत व श्याम भक्त पंडित विनोद शर्मा व निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन प्रातः 9:00 बजे हनुमान मंदिर, नागोरी गेट से बीड़ बबरान धाम तक भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी जिसमें हजारों श्याम भक्त हाथों में निशान लेकर शामिल होंगे। धाम के प्रधान शिव कुमार सिंगल ने बताया कि 11 मार्च से 15 मार्च तक प्रतिदिन सायंकाल 4:00 से 7:30 बजे तक श्याम संकीर्तन होगा जिसमें अनेक गायक कलाकार रोजाना श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। 16 मार्च को प्रातः काल 8:15 बजे बबरान नरेश महाभिषेक होगा। 11:15 बजे श्रीश्याम मंगल ज्योति महायज्ञ होगा तथा रात्रि 8:00 बजे से प्रभु इच्छा तक श्याम नाम संकीर्तन होगा जिसमें अनेक नामी गायक कलाकार श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। श्याम कीर्तन के साथ ही श्याम रसोई से विशाल भंडारा चलाया जाएगा।

# कर्म का मर्म

## ताजगी का रहस्य

एक बार एक सज्जन जवाहरलाल नेहरू से मिलने आए। बातचीत में उन्होंने कहा-'पंडित जी, आपकी उम्र सत्तर से ऊपर हो गई और आप गुलाब के फूल की तरह ताजे दिखाई देते हैं। मैं उम्र में आपसे बहुत छोटा हूं, लेकिन बूढ़ा नजर आता हूं। आपकी इस ताजगी का रहस्य क्या है/' पंडित जी हंस पड़े और कहने लगे-'इसके तीन कारण हैं।' आगंतुक ने जिज्ञासा से पूछा-'वे कौन से कारण हैं पंडित जी/' नेहरू जी ने कहा-'पहला कारण यह है कि मैं बच्चों के साथ घुल-मिल जाता हूं। उन्हें प्यार करता हूं। उनके भोलेपन और मासूमियत का मेरी जिंदगी पर बड़ा असर पड़ता है। मुझे महसूस होता है कि मैं उनके जैसा ही हूं।' 'दूसरा कारण /' उस व्यक्ति ने फिर पूछा। 'मैं कुदरत के सुंदर दृश्यों से गहरा संबंध रखता हूं। पहाड़, नदी, पेड़, पक्षी, चांद, सितारे आदि के साथ मेरा घनिष्ठ नाता है। हरे-भरे जंगल और ताजी हवाएं मेरी जिंदगी को तरोताजा बनाए रखती हैं।' 'और तीसरा/' आगंतुक की जिज्ञासा और बढ़ गई थी। नेहरू जी मुस्कराते हुए बोले-'देखो, ज्यादातर लोग छोटी-छोटी बातों में फंसे रहते हैं। उनसे अपना दिमाग खराब करते रहते हैं। मैं ऐसा नहीं करता। छोटी-छोटी बातों का मेरे दिमाग पर कोई खास असर नहीं पड़ता। जिंदगी को लेकर मेरा सच, मेरा नजरिया बिल्कुल अलग है। वह रचनात्मक है। मैं चिर यौवन संपन्न हूं क्योंकि मैं बच्चों के साथ बच्चा बना रहना चाहता हूं। यदि आपको लगता है कि तनावों ने आपके जीवन को घेर लिया है तो आप मेरी राय मानकर अपने बचपन को याद करें। कोई जीवन भर बच्चा बनकर जीवन गुजारता है तो वह हमेशा के लिए जवान बना रह सकता है।' इतना कहकर पंडित जी खिलखिलाकर हंस पड़े। वह व्यक्ति भी नेहरू जी की ताजगी के रहस्य को जानकर बहुत प्रभावित हुआ।



# महाशिवरात्रि पर राजगुरु मार्किट में सवा दो क्विंटल खीर का प्रसाद बांटा



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 9 मार्च :** शिव शक्ति सेवा समिति की ओर से महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गत सायं राजगुरु मार्किट में नीलकंठ महादेव को खीर का भोग लगवाकर प्रसाद का वितरण किया गया। यह जानकारी देते हुए समिति के प्रधान कृष्ण कांगड़ा ने बताया कि समाजसेवी सुरेश जैन, सिसाये वाले के सान्निध्य में सवा दो क्विंटल दूध की सांवक से बनी खीर श्रद्धालुओं में बांटी गई। इससे पहले संरक्षक दीपक गर्ग, एन. के. गोयल व बंटी गोयल ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की तत्पश्चात भोग लगाकर खीर का वितरण किया गया। इस अवसर पर सेवादार अनिल सिंगला, प्रतीक बंसल, राजेन्द्र शर्मा, पंकज बाबा, रवि खन्ना, अजीत भगत, बिल्लू पुजारी, बलबित टाक, महेंद्र भाटिया, गौरव मनचंदा, अनूप बांगड, अजय अठवाल सहित अनेक सेवादार उपस्थित थे।

# समाजसेवी हरीश वर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सफाई कर्मियों को वस्त्र एवं फल वितरित किए



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 9 मार्च :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विश्व हिंदू महासंघ एवं सनातन गौ रक्षा महासंघ से जुड़े राष्ट्रीय सचिव हरीश वर्मा ने पटेल नगर सामुदायिक केंद्र में महिला सफाई कर्मियों को वस्त्र व फल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव हरीश वर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान और उनके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उत्थान को मजबूत बनाने के लिए मनाया जाने वाला एक उत्सव है। इसे आधुनिक समय में महिला अधिकारों की प्रोत्साहन, समाज में समानता के लिए लड़ाई और महिलाओं की उपलब्धियों की उन्नति के लिए समर्पित किया जाता है। भारतीय संस्कृति एवं हिन्दू धर्म में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया गया है ओर उन्हें पूजनीय माना जाता है। क्योंकि हमारे शास्त्रों में कहा भी गया है कि 'यत्र नायर्स्तु पुज्यंते, रमंते तत्र देवता।'

# ओशो ध्यान उपवन में 10 मार्च को आयोजित होने वाले शिव शक्ति साधना शिविर के प्रति साधक उत्साहित

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 9 मार्च :** ओशो ध्यान उपवन में 10 मार्च को आयोजित होने वाले शिव शक्ति साधना शिविर की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे चलने वाले इस साधना शिविर के प्रति साधक काफी उत्साहित हैं। शिव शक्ति साधना शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि इस शिविर में तीन सत्रों के माध्यम से ध्यान व साधना के बारे में विस्तार से बताया जाएगा और इसका अभ्यास भी करवाया जाएगा। शिविर के समापन पर दोपहर 1 बजे सभी साधकों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

# बाबा बालकनाथ मंदिर की 55वीं वार्षिक झंडा फेरी कल

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 9 मार्च :** तरसेम नगर स्थित मंदिर सिद्ध बाबा बालकनाथ व दुर्गा माता मंदिर की 55वीं वार्षिक झंडा फेरी 10 मार्च रविवार को निकाली जाएगी। वार्षिक झंडा फ्री को लेकर मंदिर को पूरी तरह से सजाया गया है और श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने बताया कि भगत संजीव कुमार रविवार को सुबह 7 बजे श्रद्धालुओं के साथ मंदिर प्रांगण से झंडा फेरी की रवानगी करेंगे। उन्होंने बताया किं झंडा फेरी मंदिर प्रांगण से होती हुई मिल गेट, नई सब्जी मंडी, जहाज पुल चौक, पड़ाव चौक, राजगुरु मार्केट, नागोरी गेट से लाहौरिया चौक, 12 क्वार्टर रोड होते हुए दोपहर बाद मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। मंदिर में भगत संजीव कुमार श्रद्धालुओं को प्रवचन देंगे व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। रामचरण गुप्ता ने बताया कि झंडा फेरी में हरियाणा के अलावा पंजाब, राजस्थान व हिमाचल से श्रद्धालु भाग लेते हैं।

# शौचालयों का पुनरुद्धार व अन्य जनहित की योजनाओं को किया जाएगा क्रियान्वित : अशोक मंगालीवाला



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 9 मार्च :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने जनसंपर्क अभियान चलाकर विभिन्न क्षेत्रों में लोगों से मुलाकात करके उनसे अपनी योजनाओं को साझा किया। मंगालीवाला ने कहा कि हिसार लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए उनके पास पुख्ता योजनाएं हैं। बहुत सी योजनाओं को तो अब भी अपने स्तर पर क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी सोच के चलते अपने स्तर पर कई सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाकर उन्हें राहत प्रदान करना उनका प्राथमिक लक्ष्य है।

मंगालीवाला ने बताया कि हिसार के बस स्टैंड के शौचालय का पुनरुद्धार व सौंदर्यीकरण करके उसे जनता को समर्पित किया जा चुका है।उन्होंने बताया कि हिसार के बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों को शौचालय की समुचित व्यवस्था न होने से काफी परेशानी होती थी। इसलिए यहां पर स्वच्छ व सुंदर शौचालय का निर्माण करवाया गया है। इसी भांति राजगुरु मार्केट व हिसार के सिविल अस्पताल में शौचालय का निर्माण करवाया गया है। इसी तरह हिसार के मुंढाल गांव में बस स्टैंड के पास भी शौचालय का निर्माण करवाकर यात्रियों को सुविधा प्रदान की गई है।

अशोक मंगालीवाला ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व महिला सशक्तीकरण के लिए उनके पास काफी सशक्त योजनाएं हैं। जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का अवसर मिलते ही सभी योजनाओं को तुरंत प्रभाव से अमलीजामा पहना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जर्जर पड़े स्थलों, विद्यालयों व सावर्जनिक उद्यानों के रख-रखाव व सौंदर्यीकरण की व्यवस्था भी करवाई जाएगी। पिछड़ी बस्तियों में साफ-सफाई, नालियों, सीवर व पेयजल से जुड़ी दिक्कतों का भी निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब, मजदूर, किसान, नौकरीपेशा व व्यवसायी सहित सभी वर्गों की बेहतरी के लिए कार्य किया जाएगा।

मंगालीवाला ने कहा कि उन्होंने विदेशों में काफी काम किया है और धन व नाम कमाया है लेकिन अब गुरुदेव गुरवानंद जी की आज्ञानुसार जन्मभूमि हिसार को कर्मभूमि बनाकर उसके विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और यदि जनप्रतिनिधि बनकर काम करने का अवसर मिला तो हिसार के हर नागरिक की सुविधाओं में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

# जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर में 10 मार्च को होगी प्रवेश परीक्षा, 23 व 31 मार्च की परीक्षा का शेड्यूल भी जारी

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 9 मार्च :** बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के माध्यम से निशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर में प्रवेश परीक्षा 10 मार्च को होगी। 10 मार्च को नौवीं, दसवीं व बारहवीं कक्षा में प्रवेश लेने के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत इन्हीं कक्षाओं के लिए 23 मार्च को प्रवेश परीक्षा होगी और 31 मार्च को 11वीं कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी। जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर ने विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा व शिक्षा के समुचित संसाधन उपलब्ध करवाने का अभियान चलाया हुआ है। इसके तहत विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों के विद्यार्थी फ्री स्टडी सेंटर में अपना पंजीकरण निशुल्क करवा चुके हैं।

# टीटीसी द्वारा उमरा गांव में कृषि यंत्र मेला 12 को

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 9 मार्च :** उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टी.टी.सी.), हिसार द्वारा दिनांक 12 मार्च को सुबह 10 बजे से किशु किसान सेवा केंद्र फिलिंग स्टेशन, हांसी रोड़, गांव उमरा में कृषि मशीनरी मेले का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले के दौरान नवीनतम कृषि मशीनरी से संबंधित जानकारी, सब्सिडी की उपलब्धता, ड्रोन, छोटे ट्रैक्टर जैसी नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन के दौरान ड्रोन ट्रेनिंग और नमो ड्रोन दीदी योजना से जुड़ी जानकारी भी प्रदान की जाएगी।


॥ राम ॥
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art

राम
muse-II
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar
Multi Designer Store
प्लस साईज है तो अपनाएं ये फैशन टिप्स :
1. लेयरिंग वाले कपड़े न डालें।
2. स्लिम लुक पाने के लिए काले और नेवी ब्लू जैसे गहरे रंग का उपयोग करें।
3. योक लाईन से बचें। फैशन टिप्स के लिए फोन करें : 8222035555

# वेदों को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करवाने हेतु प्रधानमंत्री के नाम लिखा पत्र को निकाय मंत्री को सौंपा

## कैबिनेट मंत्री का आश्वासन पत्र प्रधानमंत्री तक अवश्य पहुंचाया जाएगा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** स्वैच्छिक सामाजिक संस्था सजग व यज्ञ-हवन विश्व कल्याण ने वेदों को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करवाने हेतू प्रधानमंत्री के नाम लिखा मांग पत्र शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता को सौंपा। दोनों संस्थाओं के अध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट सत्य पाल अग्रवाल के साथ सजग प्रतिनिधियों सत्य प्रकाश आर्य, रतन बंसल खेड़ा वाले, दुनीचंद गोयल, अनिल सिंगला मंगाली वाले, वेद प्रचार मंडल अध्यक्ष रामकुमार आर्य, स्त्री आर्य समाज की अध्यक्षा सिम्मी काठपाल व पदाधिकारीयों द्वारा शहरी स्थानीय निकाय मंत्री को दिए गए पत्र में वेदों के संदर्भ में लिखा है कि मनुष्य की उत्पत्ति के साथ ही उनके कल्याण और ब्रह्मांड के सुव्यवस्थित संचालन के लिए परमात्मा प्रदत्त सृष्टि की प्रथम पुस्तक वेद दुनिया का एकमात्र ऐसा ग्रंथ है जिसमें ज्ञान का अथाह भंडार हैं तथा प्राचीन ज्ञान विज्ञान का मुख्य स्रोत है। अग्रवाल ने बताया कि कैबिनेट मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता ने आश्वासन दिया कि पत्र को प्रधानमंत्री तक अवश्य पहुंचाया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दंत जांच शिविर लगाया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** डॉ. सचिन मित्तल एडवांस्ड डेन्टिस्ट्री टीम ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दांतों का जांच शिविर लगाया जिसमें अनेक महिलाओं के दांतों की जांच कर उन्हें दांतों की बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। टीम में शामिल डॉ प्रियंका, डॉ तनु अरोड़ा, डॉ निशा अग्रवाल, डॉ विपुला संधु, डॉ सोनम कुण्डु, डॉ दीक्षा शर्मा, डॉ डिम्पल सोनी ने महिलाओं के दांतों को जांचा। डॉ सचिन मित्तल ने जागरूक करते हुए कहा कि दांत शारीरिक और मानसिक रूप से शरीर पर प्रभाव डालते हैं। यदि दांतों की स्वच्छता और स्वस्थता पर ध्यान न दिया जाए तो काफी परेशानियां हो सकती हैं। दांतों की समस्या को नजरअंदाज करने से कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। इसलिए दांतों को स्वस्थ बनाए रखें और लोगों को स्वस्थता के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है।

# जम्मूश्वर महादेव शिव मंदिर, बड़वा में महाशिवरात्रि की धूम रही



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** हर वर्ष की तरह इस बार भी जम्मूश्वर महादेव शिव मंदिर, गांव बड़वा में महाशिवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि मंदिर के संस्थापक ब्रह्मलीन भक्त सूबेदार मोतीलाल शर्मा के आशीर्वाद से प्रातः से ही पूजा-अर्चना शुरु हो गई। भारी संख्या में शिवभक्तों ने मंदिर प्रांगण में आकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया व मनोकामनाएं मानी। भजन गायिका रितु सहित अनेक गायकारों ने भोले बाबा का गुणगान किया। दोपहर को भंडारा चलाया गया जिसमें असंख्य श्रद्धालुओं ने प्रशाद ग्रहण किया। उत्सव में मुख्य रूप से विजेंदर कमांडो, सुशील खोवाल, बाबूलाल जिंदल, मुकेश डालमिया, श्रीनिवास गर्ग, जगदीश बिश्नोई, मदनलाल जम्मू, सुरजीत जम्मू, डॉ. इंद्रजीत मलिक, कृष्ण कुमार, देवीलाल शर्मा, प्रताप शर्मा, मोहर दत्त शर्मा, नेतराम शर्मा, जितेंद्र शर्मा सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# राजेश हिन्दुस्तानी के प्रयासों से रेलवे रोड पर सड़क बनाने का काम हुआ शुरू, जताया सरकार व प्रशासन का आभार



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** जागो मानव बनो इंसान संस्था के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हिन्दुस्तानी के प्रयासों से रेलवे रोड का निर्माण कार्य अब शुरू हो गया है। राजेश हिन्दुस्तानी ने बताया कि पिछले कई सालों से यह सड़क रेलवे स्टेशन से लेकर रेलवे पुल तक बेहद खराब एवं टूटी-फूटी हालत में थी और यहां पर कई लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। राजेश हिन्दुस्तानी ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने अनेक बार आवाज उठाई थी संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर इस रोड को जल्द बनाए जाने की मांग उठाई थी। लंबे समय के बाद तथा कई बार मांग उठाने के बाद अब इस रोड का निर्माण कार्य शुरू हो रहा है। इसके लिए राजेश हिन्दुस्तानी ने सरकार व प्रशासन का धन्यवाद व्यक्त किया।

# देश की प्रगति में है महिलाओं का अहम योगदान : डॉ रत्ना भारती

## महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** स्थानीय महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ रत्ना भारती ने शिरकत की। डॉ रत्ना भारती ने कहा कि देश की उन्नति में महिलाओं का विशेष योगदान है। आज समाज के हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों की बराबरी कर रही हैं। हर कदम पर पुरुषों का साथ देते हुए देश के चहुंमुखी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए महिलाओं को शिक्षित होना बेहद जरूरी है। यदि महिलाएं शिक्षित होंगी तो समाज भी शिक्षित व सभ्य होगा। प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ रत्ना भारती ने कहा कि बेटा-बेटी में कोई फर्क न समझकर दोनों में समानता रखें। जिला सुकून केंद्र कीनोडल ऑफिसर डॉ रीना जैन ने बताया कि हर महिला का जीवन मूल्यवान है, इसलिए हम सब को मिलकर इसकी हिफाजत करनी चाहिए। उप प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ लता सांगवान ने महिलाओं को अस्पताल मे मिलने वाली सुविधाओं की विस्तार से जानकारियां दी। जिला सुकून केंद्र के काउंसलर राहुल शर्मा ने बताया कि महिलाएं घरेलू हिंसा या अन्य प्रकार की हिंसा को चुपचाप सहन न करें यदि कोई महिला किसी प्रकार के हिंसा से प्रताड़ित है तो वह हमारे जिला नागरिक अस्पताल के कमरा नंबर- 24 में खुले हुए सुकून केंद्र में आकर सहायता ले सकती हैं। सुकून केंद्र में हिंसा से पीड़ित महिला की जानकारी गुप्त रखी जाती है। इसके साथ-साथ पीड़िता को काउंसलिंग, उपचार, पुलिस सहायता, अन्य कानूनी सहायता मुफ्त प्रदान की जाती है। इस अवसर पर फार्मेसी अधिकारी रोमी सिंगला, मेटरन संतोष, नर्सिंग अधिकारी बबीता, डॉ अरुणा, डॉ अंजु, डॉ मोनिका व हरियाणा रोजगार कौशल निगम की महिला कर्मचारी उपस्थिति रहीं।

# लुवास में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'इंस्पायर इंक्लूजन' थीम पर सेमिनार का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में कुलपति महोदय प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के निर्देशानुसार पशु चिकित्सा विस्तार शिक्षा के सेमिनार हॉल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति गीता भारती, आईएएस, आयुक्त,हिसार मंडल, हरियाणा सरकार और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुनीता रानी, प्रोफेसर, हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस, गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी उपस्थित हुई। कार्यकर्म का आयोजन लुवास के महिला प्रकोष्ठ एवं पशु चिकित्सा फिजियोलॉजी एवं बायोकैमिस्ट्री विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर एवं प्रमुख डॉ. सोनिया सिंधु की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम डॉ. सोनिया सिंधु ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके उपरांत श्रीमति गीता भारती ने समाज में महिलाओं के महत्व और विभिन्न क्षेत्रों में उनके द्वारा निभाई गई भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 की थीम 'इंस्पायर इंक्लूजन' पर प्रतिभागियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि यह थीम एक समावेशी समाज बनाने और महिला सशक्तिकरण में निवेश के महत्व पर जोर देता है। सेमिनार में विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनीता रानी ने सेमिनार में 'मैं उल्लेखनीय हूं' विषय पर एक व्याख्यान दिया और साथ ही कार्यस्थल और उससे परे अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयास करने के लिए प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। सेमिनार में लुवास के छात्रों सहित सभी शिक्षण संकाय और गैर-शिक्षण महिला स्टाफ सदस्य ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. एस.एस. ढाका, कुलसचिव, डॉ. राजेश खुराना, निदेशक मानव संसाधन प्रबंधन, डॉ. सज्जन सिहाग, अधिष्ठाता, डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ मनोज रोज, अन्य अधिकारी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, संकाय सदस्य, गैर शिक्षण कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में महिला प्रकोष्ठ की सचिव डॉ. रचना ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुस्त किया।

# महिला उत्थान मंडल ने संत आशा राम की रिहाई के लिए मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** विश्व महिला दिवस पर संत आशाराम द्वारा प्रेरित महिला उत्थान मंडल की महिला सदस्यों ने आज संत आसाराम बापू की रिहाई व उनके गंभीर स्वास्थ्य के चलते शीघ्र व उत्तम इलाज तुरंत उपलब्ध करवाने को लेकर मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। मंडल की महिला सदस्यों ने कहा कि संत आशाराम की आयु 86 वर्षीय हो चुकी है और वे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं लेकिन उन्हें सही इलाज नहीं मिल रहा है। ऐसे में उन्हें बेहद आराम की जरूरत है। महिला मंडल ने मांग उठाई कि संत आशा राम बापू के स्वास्थय की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। इसके साथ उनके उत्तम इलाज की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर अनु शर्मा, सुनीता, सुंदर, सुभाष, गीता रानी, सोनिया, वीना सूरी, मंजू देवी, पिंकी, दीपिका, निधि, मधु, लाजो देवी, कमलेश, पुष्पा रानी, सुमन, राज रानी, चांदकौर, सुदेश, सरोज, कैलाश, भूमिका व सावित्री सहित काफी संख्या में महिला मंडल की सदस्य मौजूद थी।

# ब्रह्मज्ञान मंदिर, शांति नगर में धूमधाम से मनाई महाशिवरात्रि



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्म ज्ञान मंदिर, शांति नगर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर में स्थापित शिवालय पर जलाभिषेक करके पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर सत्संग सभा का आयोजन किया गया जिसमें संत रामानंद महाराज ने नीलकंठ महादेव व शिवरात्रि से जुड़े कई प्रसंगों का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान शिव को बारह महीनों में से सावन का महीना अति प्रिय है। एक लोटा जल से प्रसन्न हो जाते हैं आज के दिन भगवान शिव को जल, गंगाजल, दूध, शहद, दही, बिल्व पत्र, धतूरा, भांग आदि अर्पित किया जाता है। उपस्थित लोगों ने शिवालय पर जलाभिषेक किया व आरती के उपरांत प्रशाद वितरित किया गया।

# सोसायटी घोटाले के पीड़ितों को उनकी राशि दिलवाने के लिए ससपा ने प्रशासक डिस्ट्रिक्ट एवरग्रीन सोसायटी बैंक कार्यालय के समक्ष दिया धरना




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** नंद किशोर चावला राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वजन समाज पार्टी की अध्यक्षता में सोसायटी घोटाला के विरोध एवं पीड़ितों को उनका पैसा दिलवाने के लिए विगत दिवस एक दिवीसय धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल निरीक्षक/प्रशासक डिस्ट्रिक्ट एवरग्रीन सोसायटी बैंक नजदीक रेलवे फाटक पुल बिजली घर कृष्णानगर हिसार के समक्ष दिया गया। सोसायटी घोटाले की पीड़ितों ने जुलूस निकाला तथा रोड प्रदर्शन भी किया। उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां हिसार बंसीधर ने मौके पर आकर ज्ञापन लिया। धरने को संबोधित करते हुए नंद किशोर चावला ने कहा कि सोसायटी घोटाले की पीड़िता सपना मेहता ने सहकारिता विभाग हरियाणा सोसायटी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर नंबर 0126 एच टी एम थाना हिसार में दिनांक 24-2-23 को आईपीसी की धारा 406, 420, 120 बी धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में दर्ज करवाई हुई है। जनता से लगभग 23 करोड़ 38 लाख 80 हजार 6 सो 55 रुपये घोटाला व भ्रष्टाचार जनता के दिनांक 6-12-17 को सहकारिता विभाग हरियाणा के अधिकारियों की मिलीभगत से हुआ है। इसमें सहकारिता विभाग के चार अधिकारी शामिल हैं परन्तु सहकारिता विभाग हरियाणा और पुलिस आरोपी अधिकारियों को गिरफ्तार करने की बजाय बचाना चाहती है। धरने को राय सिंह चौहान वकील संयोजक भारतीय जनराज पार्टी आदि ने भी संबोधित किया। धरने पर सपना मेहता, दर्शन कुमारी सेठी, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हिन्दुस्तानी, रमेश चंद्र, देशराज, राजकुमार भोलानाथ अरोड़ा, बजरंग गोयल, शिव दयाल, किरण, आशा रानी, पदमा रानी, नीलम, सोनिका सरोज बाला, दयावंती, कमलेश देवी, संगीता नाशा, सुमन, सुनीता, कीर्ति वीरमती, सुशीला देवी, सरिता, धीरज जयदयाल गेरा, संजीव असीजा, ईश्वर सिंह, रतन सिंह, सरोज, विजय पाल, घनश्याम, रमेश कुमार श्याल लाला, उर्मिला, नरेंद्र कुमार गुलशन, गीता रानी, हर्ष रानी, सुषमा रानी, ऊषा रानी, जगदीश, संजय कुमार शकुंतला सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# प्रदेश की 51 महिलाओं को मिला आयरन लेडी अवार्ड

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मदर ग्लोरी इंटरनेशनल स्कूल व राह ग्रुप फाउंडेशन ने किया प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**जींद, 9 मार्च :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मदर ग्लोरी इंटरनेशनल स्कूल एवं सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन के तत्वावधान में पटियाला चौक स्थित स्कूल परिसर में प्रदेश की 51 महिलाओं को ऑयरन लेडी अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह की अध्यक्षता राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने की, जबकि मुख्यअतिथि के तौर पर आम आदमी पार्टी की महिला प्रदेशाध्यक्ष डा. रजनीश जैन मौजूद रही। यह जानकारी देते हुए मदर ग्लोरी इंटरनेशनल स्कूल पटियाला चौक के निदेशक सुनील कुमार व संचालिका रितू मोर ने बताया कि स्कूली शिक्षा के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने के लिए ए.एम.इंटरनेशनल स्पोंट्स स्कूल खरक पूनियां की संचालिका डा. सुदेश चहल पूनियां, जरुरतमंद बच्चों को साक्षर बनाने के लिए शर्मिला शास्त्री हिसार, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ओम इंटरनेशनल स्कूल दरौली खेड़ा की प्राचार्या डिम्पल अरोड़ा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी बर्की हिसार की प्रवक्ता संतोष मेहरा हिसार, पीड़ित महिलाओं को नई दिशा प्रदान करने के लिए पूनम सहोता कैथल, आम जन को कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए डा. सुमन भार्गव नरवाना, स्काउंट एवं गाइड क्षेत्र में जींद से संतरो सहारण, आइस स्केटिंग खेल को बढ़ावा देने के लिए सोनिया सिंह जींद व सीमा पूनियां हिसार, जरुरतमंद बेटियों को स्व-रोजगार के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए रिया जागड़ा नरवाना, समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय प्रयासों के लिए समाजसेविका कुसुम व सोनल करनाल, मीनू सिन्धु पानीपत, डा. संतोष जाखड़, सुमित्रा एवं रिटा रोहतक, पूजा दलाल जींद, काजल यामिनी, सहित प्रदेश भर से 51 महिलाओं को आयरन लेडी अवार्ड प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्यअतिथि आम आदमी पार्टी की महिला प्रदेशाध्यक्ष डा. रजनीश जैन ने कहा कि भारत देश में ऐसे अनेकों उदाहरण हैं, जिनमें महिलाओं ने मनचाहा मुकाम पाया है। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ों महिलाओं से जीवन में कोई न कोई बड़ा लक्ष्य तय करने के लिए भी प्रेरित किया। मदर ग्लोरी इंटरनेशनल स्कूल एवं सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन के इस आयरन लेडी अवार्ड समारोह के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सज्जन सिंह नरवाना, वरदान अस्पताल की संचालिका डा. मीना शर्मा, समाजसेवी सुरेश गोयल क्रांतिकारी, ए.एम. इंटरनेशनल स्कूल खरक पूनिया की संचालिका सुदेश चहल पूनियां, समाजसेविका पूजा गर्ग दिल्ली, रेलवे अधिकारी सुनील कटारिया, योगाचार्या डा. सुरेश रानी, दिव्या किरण संस्था की संचालिका रिया जागड़ा, एम.एस.जादूगर सम्राट, एडवोकेट देवेन्द्र रेड्डू, राह क्लब हिसार की महिला उपाध्यक्षा शर्मिला शास्त्री, शिक्षाविद् डिम्पल अरोड़ा, शिक्षाविद् संतोष मेहरा, राह क्लब जींद के अध्यक्ष राजेश टांक सहित कई नामी हस्तियां मौजूद रही। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित इस सम्मान समारोह में शिक्षा, सांस्कृतिक, गायन, कला, चिकित्सा, समाज कल्याण, जन-जागृति, पर्वतारोहण, महिला सशक्तिकरण, खेलों के विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली प्रदेश भर की 51 महिलाओं को ऑयरन लेडी अवार्ड प्रदान किया गया।

# राजकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ भाषण तथा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** राजकीय महाविद्यालय हिसार में महिला प्रकोष्ठ की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लैंगिक समानता व लिंग संवेदीकरण विषय पर भाषण व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आशालता ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. दीपमाला लोहान तथा निर्णायक मंडली का स्वागत करते हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में सभी संकायों से विद्यार्थियों ने बढ चढ कर भाग लिया। डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. अनिल यादव, डॉ. निर्मला राठी तथा डॉ. अनुपम सहरा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। भाषण प्रतियोगिता में स्नेहा, साक्षी व निखिल ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता में अनिल, आकांक्षा व साक्षी ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. अंजू चौधरी, डा. कमलेश ख्यालिया, डॉ. निर्मल बूरा, डॉ. राजेन्द्र सेवदा, डॉ. किरण भुक्कल, डॉ. प्रवीण बिश्नोई, डॉ. ज्योति मोंगा व महिला प्रकोष्ठ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## छज्जू राम लॉ कॉलेज में महिला दिवस पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** छज्जू राम लॉ कॉलेज में महिला दिवस के अवसर पर एक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में जज डॉ. संतोष, डॉ. किरण और वंदना श्योराण के माध्यम से उनकी कला को मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता के फलस्वरूप, महिला दिवस के इस अवसर पर डॉ. कृष्ण कुमार काजल ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए उन्हें पुरस्कार दिए। जयंती नामक छात्रा ने पहला पुरस्कार जीता, जबकि पिंकी ने दूसरा और गार्गी ने तीसरा पुरस्कार जीता। इस महत्वपूर्ण उत्सव के दौरान कई अन्य सहायक प्रोफेसर भी मौजूद थे। इनमें डॉ कविता, डॉ ज्योति, डॉ शिखा, कृष्णा पूनिया, अंजू ढान्ढा, पूनम और ट्विंकल भी शामिल थीं।

## महाशिवरात्रि पर श्री चौधरीवास धाम में किया रुद्राभिषेक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** हिसार निकटवर्ती गांव चौधरीवास स्थित श्री पंचमुखी बालाजी धाम में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में भगवान भोलेनाथ जी का मंत्रोऊचारण के साथ विधिवत रूप से महा रुद्राभिषेक किया गया। हर वर्ष की भांति शिवरात्रि पर्व धूम धाम से मनाया गया व जन कल्याण हेतु प्रार्थना कर पूजन प्रारंभ किया गया।



धाम के महंत गुरुजी श्री पवन कुमार जोशी भाईजी के सानिध्य व कर कमलों से बाबा भोलेनाथ का सविधि पूजन कर दुग्ध, पंचामृत, गंगाजल आदि से अभिषेक किया गया।

## महिलाएं स्वयं की शक्तियों को पहचाने : डॉ उर्मिला मलिक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय हिसार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कविता पाठ प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ उर्मिला मलिक ने की तथा विद्यार्थियों को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में कभी भी हार न मानने व निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा जीवन में सफलता हासिल करने के लिए धैर्य, मेहनत, हिम्मत, लगन, नैतिक मूल्य व संस्कारवान होना आवश्यक है। श्री प्रेमसुख व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ पूर्णिमा और डॉ शालिनी ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कविता पाठ में वंदना प्रथम, नीलम द्वितीय, एवं सविता तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सौम्या ने प्रथम, मंजू ने द्वितीय एवं मीनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन कॉलेज के विद्यार्थी सौरभ एवं जितेंद्र ने किया। डॉ. पूनम तथा डॉ. मोनिका ने निर्णायक मंडल के भूमिका निभाई।

# हिसार लोकसभा में जेजेपी सबसे मजबूत : दिग्विजय चौटाला

### बुधवार को हिसार में दिखेगी जेजेपी की नई ताकत, डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम के लिये दिया आमजन को निमंत्रण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार/हांसी, 9 मार्च :** जेजेपी प्रधानमहासचिव दिग्विजयसिंह चौटाला ने हिसार लोकसभा में जनसम्पर्क अभियान के दौरान जेजेपी को सबसे मजबूत पार्टी बताया है। दिग्विजयसिंह चौटाला शुक्रवार को हांसी विधानसभा क्षेत्र के गांव मुजादपुर, उमरा, कुलाना, हांसी शहर, ढाणी कुम्हारान, रामपुर व गढ़ी में लोगो से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने आमजन से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के द्वारा किये गए जनकल्याण कारी कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की उपमुख्यमंत्री के तौर पर किये गए कार्यों की प्रशंसा करने के साथ साथ 2014 से 2019 तक एक युवा सांसद के तौर पर देश की सबसे बड़ी पंचायत में एक सांसद की परिभाषा को सार्थक करने बारे भी बात कही। ग्रामीणों ने कहा कि दुष्यंत चौटाला में एक सच्चे व समर्पित जागरूक नेता के सभी गुण है और यही कारण है कि जेजेपी भविष्य में आमजन की एकमात्र उम्मीद है। गांवों में पहुंचने पर जेजेपी प्रधानमहासचिव दिग्विजयसिंह चौटाला का अभूतपूर्व स्वागत किया और गांव की बुजुर्ग महिलाओं ने युवा नेता को आशीर्वाद देकर आगामी चुनावों में पहले से ज्यादा समर्थन व सहयोग देने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों से रूबरू होते हुए दिग्विजयसिंह चौटाला ने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने पहले सांसद के तौर पर उसके बाद उपमुख्यमंत्री के तौर पर आमजन से सीधा जुड़ाव रखा है। यही कारण है कि जेजेपी से लोगो का जुड़ाव निरन्तर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिवस पर हिसार में आगामी बुधवार को आयोजित जनसम्मेलन में जेजेपी एक नई ताकत के तौर पर दिखाई देगी। उन्होंने आमजन से डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिवस पर हिसार के पुराने राजकीय कॉलेज मैदान में होने वाले कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में ताकत जब सार्वजनिक तौर पर दिखाई देती है तो उसके परिणाम भी बेहतर और असाधारण निकलते है। इस अवसर पर जेजेपी जिलाध्यक्ष अमित बूरा, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी डॉ अजीत सिंह, हलकाध्यक्ष राहुल मक्कड़, जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट मनदीप बिश्नोई, युवा जिलाध्यक्ष शिव कुमार कुलाना, कर्ण सिंह दैपल, बाली भाटोल, इंद्र सिंह फौजी, नन्द लाल नम्बरदार, रविन्द्र सैनी, राजेन्द्र गोरछी, सुरेंद्र फौजी, सुनील दुहन, मोहित मलिक, अज्जू घनघस, आशीष कुंडू व अजय मोहित सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पर्यावरण चिंतकों ने एनएसएस कैंप में मिशन ग्रीन के तहत 500 कपड़े के थैलों का वितरण किया

### पर्यावरण संरक्षण के लिए कपड़े के थैले का प्रयोग एक मील का पत्थर साबित होगा : प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** राजकीय महिला महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चल रहे सात दिवसीय शिविर के अन्तर्गत स्वयंसेविकायों द्वारा धांसू गांव में राजकीय कन्या माध्यमिक वरिष्ठ विद्यालय, राधा कृष्ण मंदिर, बाज़ार, चौपाल आदि में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद स्वामी सहजानंद की पर्यावरण सरंक्षण की शिक्षा का प्रसार करने के लिए व लोगों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक व पॉलीथीन के बारे में लोगों को जागरूक किया गया और इस पहल को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रमेश आर्य के साथ सत्य पाल अग्रवाल, अनिल सिंगला, दुनीचंद गोयल, राम पाल चौहान, अनिल कुमार, कार्यक्रम अधिकारी शाईना तहरिया, हिना पाहूजा, गांव के सरपंच प्रतिनिधि सुरजीत सिंह सहित अन्य पर्यावरण चिंतकों ने एनएसएस स्वयंसेविकाओं को स्वामी सहजानंद के मिशन ग्रीन के तहत पोजिटिव स्टेप्स संस्था के अध्यक्ष अमित जैन को प्रदान किए गए 500 कपड़े के थैलों का वितरण किया। डॉ. आर्य ने कहा कि



पर्यावरण संरक्षण के लिए कपड़े के थैले का प्रयोग एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर मुद्दा है जो हमारे पर्यावरण को प्रभावित कर रहा है। सिंगल यूज़ प्लास्टिक व पोलीथिन बैग का प्रयोग हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होता है। उन्होंने कहा कि पॉलीथीन व प्लास्टिक 200 वर्षों तक नष्ट नहीं हो पाता है और किसी न किसी रूप में यह पर्यावरण को हानि पहुँचाता रहता है। पोलिथीन बैग समाज के सामने एक बड़ी समस्या है जिसका हम सब ने मिलकर, पर्यावरण के लिए सजग होते हुए, समाधान करना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य व सजग के प्रदेशाध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट एवं लाइफ काउंसलर सत्य पाल अग्रवाल ने लोगों से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की। शिविर में स्वयंसेविकाओं व ग्राम सरपंच व अध्यापकों ने इसका उपयोग ना करने का संकल्प लिया।

## बेरोजगारी की मार से सफाईकर्मी बनने को तैयार युवा : सैलजा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 9 मार्च :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, उत्तराखंड की प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र व प्रदेश सरकार ने पढ़े-लिखे युवाओं को बेरोजगारों की ऐसी कतार में बदल दिया है, जो हर जगह नजर आती है। चाहे पानीपत कोर्ट की चपरासी भर्ती हो, चाहे यमुनानगर चपरासी भर्ती या फिर युद्ध क्षेत्र इजराइल के लिए मजदूरों की मांग। हरियाणा के पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं की कतार हर जगह देखने को मिल जाएगी। इस बार यह दुर्भाग्यपूर्ण नजारा अंबाला कोर्ट में देखने को मिला, जहां चपरासी के सिर्फ 12 पदों के लिए करीब 9000 आवेदक लाइन में खड़े थे।



मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की रोजगार विरोधी नीति के कारण बेरोजगारों की इस भीड़ में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और एमएससी से लेकर एमटेक पास नौजवान भी मौजूद थे। बेरोजगारी की चक्की में पिस रहे ये युवा सफाई कर्मी तक बनने को तैयार हैं। हरियाणा के सरकारी विभागों में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं। लेकिन उन पर पक्की भर्तियां करने की बजाय खट्टर-दुष्यंत सरकार हरियाणवी प्रतिभाओं को ऐसे कामों में झोंक रही है, जहां उनकी योग्यता और कौशल का पूरा इस्तेमाल ही संभव नहीं है।

## शहरों की भांति सरसौद गांव भी हुआ शिवमय



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** महा शिवरात्रि महोत्सव के पावन पर्व को दिव्य देव स्थानम मंदिर, सरसौद में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मनोहर लाल ज्ञानी देवी जन कल्याण सोसायटी के प्रधान मदनलाल गोयल ने बताया कि मन्दिर में सुबह से ही शिव भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह 8.15 बजे सभी भक्तों द्वारा मिट्टी से 501 पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा अर्चना, रूद्राभिषेक, जलाभिषेक, आरती एवं केसर युक्त सांवक की खीर व फलों का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनता को भ्रमित करने के लिए सरकार ने 100 रुपये सस्ता किया सिलेंडर : लाल बहादुर खोवाल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एलपीजी कुकिंग गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये कटौती करने की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने इसे चुनावी स्टंट करार दिया है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारियां चल रही हैं और किसी भी समय देशभर में आचार संहिता लग सकती है। इस बीच भाजपा सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दाम 100 रुपये कम करना भाजपा के लोकसभा



चुनावी अभियान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भाजपा दाम कम करने की नौटंकी करके लोगों को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में कुकिंग गैस सिलेंडर की कीमत 450 रुपये थी। तब भाजपा ने वादा किया था कि सरकार गैस सिलेंडर 350 रुपये में उपलब्ध करवाएगी लेकिन इसके विपरीत भाजपा सरकार में लोग 1100 रुपये से अधिक का गैस सिलेंडर खरीदने के लिए मजबूर हैं। अब मात्र 100 रुपये की कटौती करके लोगों छलने का काम किया जा रहा है। वैसे भी इतनी महंगाई में 100 रुपये की कटौती ऊंट के मुंह में जीरे की कहावत को चरितार्थ करती है। भाजपा लोगों को भ्रमित करके और लोकलुभावन वादे करके किसी भी तरह तीसरी बार फिर सत्ता हासिल करने के लिए लालायित है। एडवोकेट खोवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पहले से ही 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने की घोषणा की हुई है।

## न्यू ऋषि नगर में श्री श्याम होली महोत्सव 10 मार्च को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** श्री श्याम प्रचार मंडल के तत्वाधान में न्यु ऋषि नगर स्थित कम्युनिस्ट सेंटर में भव्य श्याम होली महोत्सव का आयोजन रविवार 10 मार्च को होगा। उत्सव स्थल पर आज सत्य पाल अग्रवाल, सुशील सोनी, विजय पाल वर्मा, जितेन्द्र ऐरन, शशांक मित्तल, सुशील मित्तल, कृष्ण रावलवासिया, अंकित सैनी, अनुज ऐरन, सुभाष गुप्ता, अजय बंसल, राजेश शर्मा, नवीन जैन, निखिल जैन, सुमित अग्रवाल ने महोत्सव की तैयारीयों को अंतिम रुप दिया तथा बैठक की। बैठक में किये गये निर्णय की जानकारी देते हुए श्याम सेवक जितेन्द्र ऐरन ने बताया कि संकीर्तन में श्याम जगत के सुप्रसिद्ध भजन गायक भिवानी से निखिल अग्रवाल, पवन गेरा, अभिनव ऐरन, हांसी से अमित बंसल भजनों की अमृत वर्षा करते हुए होली धमाल मचाएंगे। प्रदीप आर्ट ग्रुप की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। श्री श्याम होली महोत्सव में लाला हरिचंद सेवा सदन खाटूश्यामजी के अध्यक्ष दीपक गर्ग व युवा गुर्जर सभा के पूर्व अध्यक्ष राजा गुर्जर विशिष्ट अतिथि रहेंगे। मंच संचालन राजेश गोयल करेंगे व दरबार सज्जा साहिल राखा द्वारा की जायेगी।

# कुछ लोग सैनी सभा ट्रस्ट के पदाधिकारियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर कर रहे हैं दुष्प्रचार : ओमप्रकाश राड़ा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** सैनी सभा ट्रस्ट, मौहल्ला सैनियान के प्रधान ओमप्रकाश राड़ा, उप प्रधान ओंकार सैनी, वित्त सचिव रघुवीर सिंह, सदस्य सुशील सैनी खोवाल, फतेह सिंह सैनी सहित अन्य सदस्यों ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि कुछ लोग सैनी सभा ट्रस्ट के पदाधिकारियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर व अन्य माध्यम से दुष्प्रचार प्रचार कर रहे हैं कि ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सामान चोरी किया है जबकि वास्तविकता यह है कि सैनी सभा ट्रस्ट की दुकान नंबर 11 राजगुरु मार्केट पुल तेलियान हिसार पर है। यह दुकान पूर्व में किशन लाल पुत्र रामजीलाल को किराए पर दे रखी थी। किशन लाल किराएदार की मृत्यु 1 सितंबर 2022 को हो चुकी है। 3 मार्च 2024 को ट्रस्ट की मीटिंग में बताया गया कि उपरोक्त दुकान न. 11, बिना ट्रस्ट की स्वीकृति के सबलेट कर दी गई है। सभी पदाधिकारी इस दिन दुकान नंबर 11 राजगुरु मार्केट पुल तेलियान पर पहुंचे तो वहां पर नई किराएदार (सबलेटर) मरजीना पत्नी सुरेंद्र निवासी भोजराज व रेखा पत्नी राजेश निवासी आईटीआई चौक हिसार मौके पर मौजूद मिली तथा गठड़ियों में बंधा हुआ सामान दुकान के अंदर रख रही थी। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने पूछा कि आप यहां सामान क्यों रख रही हो तो उन्होंने बताया कि हमने 25 हजार रुपये प्रति माह के हिसाब से दुकान दीपिका सैनी से किराए पर ली है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उनका बंधा हुआ सामान दुकान में नहीं रखने दिया तथा अपने कब्जे में लेकर तथा वीडियोग्राफी करवा कर सिटी थाने में ले गये। सिटी थाने में थाना प्रबंधक ने कहा कि सारा सामान जिनका है, उनको बुलाकर देंगे लेकिन दूसरी पार्टी मौके पर थाना में नहीं आई तो एसएचओ ने आदेश दिया कि सामान ट्रस्ट में ले जाओ और पुलिस साथ जाकर ट्रस्ट से जिस सबलेटर का है, उनको पहचान करवा कर दिलवाएगी। 5 मार्च को पुलिस ने सबलेटर मरजीना, रेखा व ट्रस्ट के पदाधिकारियों के सामने पूरी कागजी कार्रवाई करके सामान दे दिया। जो सबलेटर सामान लेकर चले गए और उन्होंने लिखित में दिया है कि हमारा सामान हमने पूरा प्राप्त कर लिया है। इसके बावजूद कुछ लोग सैनी सभा ट्रस्ट के पदाधिकारियों को बदनाम करने में लगे हैं, जिसकी वे सभी निंदा करते हैं।

### *दुकान का ताला तोड़कर सामान चोरी के मामले में कार्रवाई नहीं कर रही पुलिस*

# मंत्री व पुलिस अधिकारियों तक लगा चुकी गुहार, नहीं रेंग रही पुलिस के कानों पर जूं : विजय कुमार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** सैनी सभा ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों द्वारा राजगुरु मार्किट में विधवा की दुकान का ताला तोड़कर सामान चोरी की व दबंगई दिखाई, इस मामले में सिटी पुलिस ने पांच दिन बाद भी आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की है। खास बात है कि पुलिस ने सैनी सभा ट्रस्ट कार्यालय जाकर सामान बरामद कर लिया है लेकिन सामान बरामदगी के बाद भी केस दर्ज करने से पुलिस कतरा रही है। पीड़िता का आरोप है कि इस मामले में पुलिस राजनीतिक दबाव में काम कर रही है और उन पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। महिला दीपिका एवं उनके परिजन भाजपा नेता विजय कुमार का कहना है कि वे पिछले पांच दिनों से पुलिस थाना व वरिष्ठ अधिकारियों के पास कार्रवाई की गुहार लगा रहे हैं लेकिन पुलिस कोई सुनवाई नहीं कर रही। घटना के तीसरे दिन आईओ पुलिस बलदेव ने अपने मोबाइल नंबर 8607306056 से फोन किया कि आपकी दुकान से चोरी हुआँ सामान आप सैनी सभा ट्रस्ट कार्यालय से ले सकते हो लेकिन उनकी मांग है कि पहले दोषियों के खिलाफ केस दर्ज किया जाए। इस संबंध में पीड़ित स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से भी मिले तो मंत्री ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया लेकिन पुलिस के कानों पर फिर भी जूं नहीं रेंगी। पुलिस उन्हें केवल यही सलाह दे रही है कि आपका सामान उठाया गया था, वह सुरक्षित है, वह आप सैनी सभा ट्रस्ट कार्यालय से ले सकते हो लेकिन पुलिस के पास इस बात का जवाब नहीं है कि जब सामान बरामद हो चुका है तो सामान चोरी करने वालों पर केस दर्ज क्यों नहीं किया जा रहा।

# हरियाणा श्रम विभाग ने आधिकारिक मान्यता के लिए क्यूआर कोड से सुरक्षित डायनेमिक आईडी कार्ड लॉन्च किया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 9 मार्च :** हरियाणा श्रम विभाग ने आधिकारिक मान्यता के लिए क्यूआर कोड से सुरक्षित डायनेमिक आईडी कार्ड लॉन्च किया है।

श्रम मंत्री श्री अनूप धानक ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा श्रम विभाग ने अपने कार्यों की पारदर्शिता, कुशलता, और प्रमाणिकता में सुधार करने के लिए एक नई पहल शुरू की है जिसके तहत सभी अधिकारियों को उन्नत क्यूआर-कोड आधारित डायनेमिक पहचान कार्ड जारी किए जा रहे है। ये कार्ड केवल पहचान के लिए ही नहीं होगा, बल्कि इसे पूरे तरीके से आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है।

उन्होंने बताया कि नए लागू किए गए क्यूआर-आधारित आईडी कार्ड पूरी तरह से सुरक्षित हैं और इनमें ऐसी विशेषताएं हैं जो वास्तविक समय सत्यापन को सक्षम बनाती हैं। इसके अलावा यह यात्राओं का डिजिटल दस्तावेज़ीकरण, स्पष्ट और पारदर्शी रिकॉर्ड-कीपिंग सुविधा सुनिश्चित करता है, जिससे जवाबदेही को बढ़ावा मिलता है।



श्री धानक ने बताया कि सुचारू और सुरक्षित बदलाव की गारंटी के लिए, विभाग ने अधिकारियों से सभी पुराने आईडी कार्ड वापस ले लिए हैं, जिससे पुराने पहचान पत्र के गलत इस्तेमाल का जोखिम समाप्त हो गया है। नए वाले आईडी कार्ड में क्यूआर कोड को स्कैन करके आईडी कार्ड का पूरा विवरण तुरंत सत्यापित किया जा सकता है।

क्यूआर कोड को स्कैन करने से कर्मचारी से जुड़ी सबसे नयी जानकारी प्रदर्शित हो जाती है, जिससे सटीकता, वास्तविक समय की जानकारी और डुप्लिकेट पहचान की रोकथाम होती है। सटीक सत्यापन को और सरल बनाने के लिए क्यूआर कोड स्कैन में आईडी कार्ड की कॉपी प्रदान की जाती है। उपयोग में आसानी के लिए, आईडी कार्ड पर एचआरएमएस कर्मचारी-आईडी नंबर भी प्रिंट किया गया है। कार्ड की चोरी, आपात्कालीन स्थिति, गलत स्थान पर रखे जाने जैसे मामले में उपयोग के लिए आईडी कार्ड पर संपर्क नंबर भी मुद्रित किया गया है।

उन्होंने बताया कि आईडी कार्ड का कोई भी नुकसान या टूट फूट होने के बावजूद, क्यूआर कोड को स्कैन करने से मूल रूप से जारी किए गए आईडी कार्ड का पूरा विवरण प्रदर्शित हो जाएगा। क्यूआर कोड अधिकारियों के स्थानांतरण,पदोन्नति या अनुबंध समाप्ति पर वास्तविक समय की स्थिति अपडेट प्रदान करता है, जिससे सुरक्षा उपाय और मजबूत होते हैं। इस कदम का उद्देश्य न केवल पहचान के दुरुपयोग को कम करना है, बल्कि क्षेत्र के दौरे, निरीक्षण और सत्यापन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना है।

उन्होंने बताया कि यदि कोई अधिकारी पुराने आईडी कार्ड का उपयोग करते हुए या नए का दुरुपयोग करते हुए पाया गया, तो सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी

यह क्यूआर-आधारित आईडी कार्ड में पूर्ण परिवर्तन, नवीन शासन प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए श्रम विभाग की अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करता है। यह नई प्रणाली एक पारदर्शी, कुशल और सुरक्षित कार्य वातावरण तैयार करेगी।

# दुष्यंत चौटाला के लिए लोकसभा चुनाव परीक्षा की घड़ी

## हिसार लोकसभा सीट पर भाजपा व जेजीपी आमने-सामने

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च (इकबाल सिंह उप्पल) :** भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा में 10 की 10 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा से हरियाणा में भाजपा के साथ मिलकर सरकार चल रही जेजेपी पार्टी और उसके उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के लिए एक नई चुनौती सामने आ खड़ी हुई है। पहले अनुमान था कि भाजपा अपनी सहयोगी जेपी को कम से कम एक सीट लोकसभा की एक सीट जरूर देगी पर भाजपा अब इस मूड में नहीं है। वह 10 की 10 सीटों पर कमल पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुकी है और इसी हफ्ते अपने उम्मीदवारों की घोषणा भी करने जा रही है। ऐसे हालातों में दुष्यंत चौटाला के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। एक भी सीट न देने की सूरत में क्या दुष्यंत चौटाला सरकार में बने रहेंगे या कुछ और सोचेंगे। दुष्यंत चौटाला में उनकी पार्टी हरियाणा में दो सीटों पर दावा कर रही है हिसार और भिवानी। हिसार की एक सीट पर भी दोनों पार्टियों में समझौता होने की उम्मीद थी पर भारतीय जनता पार्टी ने बातचीत की भी जरूरत नहीं समझी। और हरियाणा में सभी 10 की 10 सीटों पर अपना दावा ठोक दिया। ऐसी स्थिति में दुष्यंत चौटाला और उनकी पार्टी ने भी पत्ते खोलने शुरू कर लिए हैं और 13 मार्च को हिसार में एक बड़ी जनसभा करने का ऐलान कर दिया है। जनसभा के लिए जोर- शोर से तैयारी भी शुरू कर ली गई है। पार्टी की ओर से कहां जा रहा है कि यह जनसभा पार्टी सुप्रीमो अजय चौटाला के जन्म दिवस की उपलक्ष में है पर असल में यह अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के लिए की जा रही जनसभा है।



उधर दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने भी हिसार लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवार के तौर पर कैप्टन अभिमन्यु का नाम तय कर रखा है लेकिन घोषणा ने की है। घोषणा 13 मार्च की रैली के बाद बनने वाले हालातो के आधार पर ही की जाएगी। हरियाणा में पिछले 4 सालों से दोनोंद्व पार्टियों मिलकर राज चल रही हैं। पर अब लोकसभा चुनाव में आमने-सामने आने से स्थिति दिलचस्प बन गई है। ऐसी स्थिति में बीच का रास्ता एक यह भी हो सकता है कि एक पार्टी का झंडा और दूसरे का डंडा हो। यानी भारतीय जनता पार्टी के फूल के निशान पर दुष्यंत चौटाला की पार्टी का उम्मीदवार खड़ा हो सकता है। अभी इसकी उम्मीद कम लग रही है, लेकिन सियासत में कुछ भी हो सकता है। इसीलिए कहा जाता है कि प्यार और जंग में सब जायज है।

# राज्य स्तरीय खादी और ग्रामोद्योग मेले का समापन, अंतिम दिन हुआ अनेक कार्यक्रमों का आयोजन

## मेले में हरियाणा, राजस्थान व उत्तर प्रदेश की खादी संस्थाओं ने अपने उत्पाद किए प्रदर्शित










**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** राज्य स्तरीय खादी और ग्रामोद्योग (पी एम ई जी पी) मेला का समापन हुआ। इस अवसर पर आज मेले में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। आज मेले में 'हनी जागरूकता शिविर' भी मनाया जा रहा है। इस मेले में हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों से खादी संस्थाओं ने भाग लिया तथा अपने उत्पाद जैसे खादी, ऊनी, पोलीवस्त्र तथा रेशम आदि के वस्त्र बिक्री के लिए उपलब्ध करवाए। इसके साथ ही ग्रामोद्योग (पी एम ई जी पी) को हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, आदि राज्य से इकाई अपने उत्पाद जैसे शहद, साबुन, शैंपू, अगरबत्ती, सरसों का तेल, आचार, कुम्हार का सामान, नमकीन आदि उत्पाद बिक्री के लिए लाये गये थे। इस 10 दिनों के मेले में रोजाना शाम के समय विभिन्न कार्यक्रम, जैसे फैशन शो, हरियाणवी गीत डान्स, योगा कार्यक्रम, देश भक्ति संगीत, हवन, भक्ति संगीत कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# महिला दिवस पर गौरैया का घोंसला देकर किया सम्मानित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** दिल्ली हिसार बाईपास पर सुश्री संजना सातरोड के कार्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और अपने विचार रखे। महिलाओं ने भजन कीर्तन भी किया। सामाजिक कार्यकर्ता एवं कारपेंटर राकेश कुमार ने संजना सातरोड को गौरैया का घोंसला देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संजना ने कहा कि नारी सशक्तिकरण को मजबूती के साथ आगे लेकर चलेंगे। महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार ने विधानसभा बरवाला में चिड़िया के




घोसलों को दान करें ताकि लोग अपने घरों में घोंसला लगा सके और चिड़िया को सुरक्षित घर दे पाएं। उन्होंने बताया कि वे पिछले काफी समय से गौरैया के घोंसले बना रहे हैं तथा उनके द्वारा बनाए गए घोंसले पूरे हरियाणा में जाते हैं।

# महिला दिवस पर आकाशवाणी ने किया दस महिलाओं को सम्मानित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आकाशवाणी स्टूडियो में विभिन्न क्षेत्रों से उपलब्धि प्राप्त महिलाओं को आमंत्रित किया गया। उन सभी ने महिला दिवस पर वक्तव्य प्रस्तुत किए। संचालन करते हुए ऋतु कौशिक और रिम्पी लीखा ने सभी श्रोताओं को हार्दिक बधाई दी। सबसे पहले केंद्र अध्यक्ष पवन कुमार ने सभी महिला मेहमानों का स्वागत किया और महिला दिवस की हार्दिक बधाई दी। शिक्षाविद और लेखिका डॉक्टर शमीम शर्मा ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए और हर महिला को बेटी और बहू में समानता रखनी चाहिए। भीख नही किताब दो की संचालिका अनु चिनिया ने समाज में बेटियों के शोषण के लिए आवाज उठाने और उनकी मदद के लिए आगे आने की बात की। साथ ही आमंत्रित कमलेश




मोर ने अपनी टीम के साथ लोकगीत और लोक नृत्य से खूब समा बांधा। प्रिंसिपल नीलम पिलानिया ने बताया कि बहू के आगे बढ़ने में परिवार का योगदान बहुत जरूरी है। पर्यावरणविद सुनीता रहेजा ने संघर्ष के साथ महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सीमा ने बताया कि विषम परिस्थितियों में भी अपने अधिकारों के लिए जरूर लड़ना चाहिए। हम संस्कारों को विकसित करके ही स्वस्थ समाज बना सकते हैं ये कहना था अंजना लोहान का। स्नेहलता श्योकन्दने कहा कि बहू को बेटी बनाने के लिए सास भी मां बने। कल्पना शर्मा ने कहा कि महिलाओं के लिए कुछ भी मुश्किल नहीं हर मोर्चे पर सफल हैं महिलाएं वहीं उर्मिला मलिक ने महिलाओं की तरक्की के लिए परिवार की भागीदारी को जरूरी बताया। अंत में सभी आमंत्रित महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आजाद दुहन ने सभी मेहमानों का धन्यवाद किया। इस मौके पर हरिपाल पिलानिया, महीपाल, अंजू दुहन, बिदामो देवी उपस्थित थे।

# आज महिलाएं अंतरीक्ष तक लहरा रही परचम : कृष्ण सातरोड़

## महिला दिवस पर युवा कांग्रेस द्वारा गांव धांसू में कार्यक्रम का आयोजन, पर्वतारोही मीनू कालीरमण को किया सम्मानित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** युवा कांग्रेस के तत्वावधान में गांव धांसू में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस द्वारा पर्वतारोही मीनू कालीरमण को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण सातरोड़ ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। शिक्षा, खेल, सेना, अंतरीक्ष तक हर क्षेत्र में महिलाएं परचम लहरा रही हैं। महिला दिवस नारी के सम्मान व अधिकार का दिन है। इस अवसर पर पर्वतारोही मीनू कालीरमण ने कहा कि महिलाओं के प्रति समाज ने अपनी सोच बदली है और वे हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर खड़ी हैं। महिलाओं को अपने हर सपने व लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरे प्रयास करने चाहिएं। कार्यक्रम में गांव धांसू के सरपंच सुरजीत, महिला शहरी अध्यक्ष कांग्रेस स्नेहलता निंबल, महिला नेता कमलेश श्योराण, युवा कांग्रेस हलका बरवाला प्रधान मनोज कोहली, युवा कांग्रेस जिला प्रवक्ता नवीन पूनिया सहित अनेक महिलाएं, गणमान्य व्यक्ति व ग्रामीण मौजूद रहे।

# श्री श्याम मंदिर के श्री श्याम भगत मेल की तैयारियां जोर-शोर से जारी, 11 से 21 मार्च तक चलेगा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** श्री श्याम मंदिर में 11 मार्च से आयोजित होने वाले श्री श्याम भगत मेले को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। 11 से 21 मार्च तक चलने वाले इस मेले की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। पूरे मंदिर की सफाई करवाकर श्याम बाबा के दरबार को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। किसान कॉलोनी में स्थित श्री श्याम मंदिर के महंत गोकुलदास व संयोजक जगदीश तायल ने बताया कि इस 11 दिवसीय भगत मेले के पहले दिन 11 मार्च को प्रोफेसर कॉलोनी की गली नं. 1 से दोपहर 12.15 बजे निशान यात्रा चलेगी। उन्होंने बताया कि 12 मार्च से 20 मार्च तक हर रोज दोपहर 3.15 बजे से सायं 6 बजे तक कथा प्रवक्ता महाराज शैलेंद्र पराशर श्री रामकथा करेंगे।

# महिला दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अलोरा इव केयर में महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना और डॉ. ऐलोरा दास गुप्ता ने महिलाओं से संबंधित अपने विचार रखे। अन्य सदस्यों ने अनेक प्रोग्रामों के माध्यम से इस दिवस को और भी आकर्षक बनाया। कार्यक्रम का आयोजन कर्म कल्याणी ग्रुप से जुड़ी कोमल, सीमा, नीतू, उर्मिल, मौसमी, मीनाक्षी, गीतू, शशी, सुरेन आदि की देख रेख में हुआ।




**Name Change**

I, Yash S/o Sanjay Sardana R/o H. No. 756/C, Dev Vatika, New Indira Colony, Hisar declare that I have changed my name from Yash to Yash Sardana for all future purpose.
- Deponent




डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मन्दिर, हिसार
✆ 92156-88573

**बेदखली सूचना**

मैं, मंजू रानी पत्नी श्री प्रवीन कुमार, निवासी मकान नं. 758, वार्ड नं. 9, इंदिरा कालोनी, हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि मेरी पुत्री ज्योती मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैंने उसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
-शपथकार

# सुरभि आर्ट गैलरी और संस्थान का शुभारंभ

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 मार्च :** हरियाणा प्रांत में निरंतर कला को बढ़ावा दे रहा सुरभि कला संस्थान हिसार में हस्तकला, शिल्प कला व क्राफ्ट को घर-घर पहुंचाने हेतु सुरभि आर्ट गैलरी की स्थापना की है। चूड़ामणि कॉम्पलेक्स के निकट स्थापित आर्ट गैलरी का बतौर मुख्य अतिथि नेहरू युवा केंद्र संगठन केंद्र सरकार के पूर्व समन्वयक नरेंद्र यादव ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगथला की प्राचार्या अनीता रानी, हकृवि गृह विज्ञान की प्रवक्ता डॉ. सरोज यादव, नवीन पसरीजा, विनीत जांगड़ा, अनुराधा गर्ग, सीमा मेहता, दीपू रानी, सुनीता रानी, हर्षा पसरीजा, नीलम रानी, पवन श्योराण, प्रीति गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। संस्थान की संचालिका कुमारी सुरभि ने बताया कि घर व ऑफिस को सजाने के लिए हस्तनिर्मित पेंटिंग आदि खरीदने के लिए दिल्ली के अतिरिक्त बड़े शहरों में जाना पड़ता था, किंतु अब सुरभि आर्ट गैलरी में हस्तनिर्मित शिल्प कला, पेंटिंग, रेजीन आर्ट ,पोट्रेट, एक्रेलिक पेंटिंग, वॉल मिरर, वॉल मयूरल, मार्बल आर्ट, वॉल हैंगिंग,



टेराकोटा आर्ट, फाइबर आर्ट सहित अनेक प्रकार की हस्तकलाएं प्रदर्शित की गई हैं। इसके अलावा इस संस्थान में विद्यार्थियों को बीएफए, एमएफए एमए के कोर्स की तैयारी के साथ कई प्रकार के आर्ट कोर्स भी सिखाए जाते हैं। संस्थान के संस्थापक व प्रबंधक डॉक्टर राजेश जांगडा व डॉ गीता जांगड़ा ने बताया कि संस्थान में सुरभि आर्ट सोसाइटी के मार्गदर्शन में गरीब व असहाय बच्चों को निशुल्क शिक्षा भी प्रदान की जाती है और समय-समय पर भारत के प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित करके चित्रकला कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं ताकि उन बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और इस संस्थान के विद्यार्थी कुशल कला अध्यापक व अध्यापिकाएं बन सके।




# धरातल पर काम करने वाले को ही चुने : दिलबाग हुड्डा



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 9 मार्च :** किसान नेता दिलबाग हुड्डा लूदास ने आज एक बयान जारी करते हुए कहा कि जो व्यक्ति धरातल पर कार्य कर रहा है, आम जनमानस की समस्याओं को प्रशासन से अवगत कराकर उनका निवारण करवाने में सक्षम है ऐसे व्यक्ति को जनप्रतिनिधि बनाकर संसद में और विधानसभा में भेजना चाहिए। उन्होंने बताया कि गत दिवस पाठकपक्ष में छपी खबर के अनुसार एक युवा नेता की कही बात को स्वागत योग्य बताया, जिसमें उन्होंने किसान, मजदूर, कर्मचारियों की समस्याओं को उठाने वाले पीड़ित और शोषित लोग जिनके साथ एन्याय हो रहा हो उनको न्याय दिलाने धरातल पर हर वर्ग के व्यक्ति के साथ, अफसरों के साथ जा जाकर काम करवाने की हिम्मत रखने और समाज में लड़ाई-झगड़े सुलझाने व भाईचारा कायम रखने का काम जारी रखने वाले लोगों को प्रतिनिधि बना कर आगे चेहरा बनाए जाने की बात कही है।

# गैस सिलेंडर के दाम घटाकर पीएम मोदी ने नारी शक्ति को दी अनूठी सौगात : तरुण जैन

*भाजपा जिला उपाध्यक्ष तरुण जैन ने गैस की कीमत 100 रुपये कम करने की सराहना की*



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 9 मार्च :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये कटौती की घोषणा का भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष तरुण जैन ने सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर माताओं-बहनों को अनूठा उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि इस कटौती के बाद लाखों परिवारों का आर्थिक बोझ कुछ हद तक कम हो जाएगा। तरुण जैन ने गैस सिलेंडर के दाम में कमी को धुंआ मुक्त रसोई बनाने की कड़ी में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा से महिला सशक्तीकरण के प्रबल पक्षधर रहे हैं। इसलिए महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं भी शुरू की गई हैं। इसी कड़ी में गैस सिलेंडर के दाम कम करके अनूठी सौगात दी गई है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा रचनात्मक सोच को अपनाते हुए कल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहना रही है।

# संस्कृत फिर बनेगी सर्वजन की भाषा : प्रमोद

*गुरुकुल आर्यनगर संस्कृत विद्यापीठ में संस्कृत भारती के जनपद सम्मेलन का आयोजन*



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 9 मार्च :** संस्कृत भारती के प्रान्त मंत्री प्रमोद शास्त्री ने कहा है कि संस्कृत सर्वजन भाषा बने, इसके लिए संस्कृत भारती लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश के दस हज़ार से अधिक लोगों को संस्कृत भारती द्वारा संस्कृत संभाषण में दक्ष किया जा चुका है। वे संस्कृत भारती हरियाणा द्वारा शनिवार को गुरुकुल आर्य नगर में आयोजित जनपद सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। सम्मेलन की अध्यक्षता गुरुकुल के आचार्य रामस्वरूप जी ने की। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ के विभाग संघ चालक पवन जिंदल तथा सारस्वत अतिथि के रूप में विभाग प्रचारक पुरुषोत्तम जी उपस्थित रहे। प्रान्त मंत्री प्रमोद शास्त्री ने बताया कि संस्कृत भारती द्वारा संपूर्ण प्रदेश में इस तरह के सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहे हैं। संस्कृत के व्यापक प्रचार और प्रसार के तहत संस्कृत भारती इस तरह के कार्यक्रमों का लगातार आयोजन करती रहती है। संस्कृत देवभाषा है, संस्कृत सर्वजन भाषा बने इसके लिए संस्कृत भारती साल में दो बार वर्ग का आयोजन करती है। हम सब के प्रयास से संस्कृत भाषा फिर से सर्वजन भाषा बनेगी। दस हज़ार से अधिक को हम संस्कृत संभाषण में दक्ष बना चुके हैं। प्रदेश के स्कूलों में त्रिभाषा सूत्र को लागू करवाने के लिए प्रयासरत है। दयानंद ब्राह्म महाविद्यालय के आचार्य प्रमोद योगार्थी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष, डॉ सुरेश कुमार, विभाग संयोजक डॉ शैलेन्द्र, आदि ने भी सम्मेलन को सम्बोधित किया। मंच संचालन राजकुमार शास्त्री ने किया। सम्मेलनका शुभारंभ सुबह वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ हुआ। इस अवसर पर गुरुकुल के ब्रह्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन के साथ मलखम्भ का प्रदर्शन किया गया। संस्कृत भारती हरियाणा द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी तथा भारतीय ज्ञान परम्परा एवं बाल उपयोगी साहित्य प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश शास्त्री गुरुकुल आर्यनगर, डॉ. सत्यकाम, देवदत्त प्राचार्य, बहन सुनीता के साथ संस्कृत भारती के साहित्य प्रमुख राजकुमार, नितेश कुमार, प्रचार प्रमुख सुशील शास्त्री, डॉ मुकेश कुमार, डॉ, सुमित्रा, दलीप सिंह मिरका, सत्यपाल शर्मा, रामकुमार, डॉ कर्मवीर, सुनील कुमार, दुष्यंत, कपिश, कृष्ण कुमार, सतीश कुमार, गणेश चंद्र, डॉ. रमेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर में हुई भगवान शिव की पूजा अर्चना



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 9 मार्च :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री सनातन धर्म हनुमान मन्दिर नागोरी गेट में देवों के देव भूतनाथ महादेव व शिव परिवार की पूजा, अर्चना मन्दिर शिवालय में प्रातः 4 बजे मन्दिर ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा की गई। तत्पश्चात दिनभर नगर वासियों व शिव भक्तों की भगवान शिव की पूजा व अर्चना के लिए भीड़ लगी रही। इस अवसर पर मन्दिर ट्रस्ट द्वारा शिव भक्तों के लिए बिल्व पत्र आदि की निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। महाशिवरात्रि के अवसर पर रात्रि ग्रह में भी महादेव व शिव परिवार की पूजा अर्चना व रूद्राभिषेक मन्दिर ट्रस्ट के विद्वान ब्राह्मणों द्वारा डॉ. ललिता राजवंशी के मार्ग दर्शन में नगर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों व ट्रस्ट के सदस्यों ने विधिवत रूप से जय बाबा भोले नाथ के जयकारों व हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ सम्पन्न किया।

# विद्यालय में आयोजित किया गया खेल कॉन्कॉर्ड



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 9 मार्च :** सिद्धार्थ खेल कॉन्कॉर्ड में कक्षा 6 से 8 के छात्रों और छात्राओं के लिए बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जहाँ लड़कियों में 'नालन्दा सदन' विजयी रहा, वहीं लड़को की प्रतियोगिता में 'मगध सदन' ने बाजी मारी। विजयी छात्रों को पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह व प्रधानाचार्या पुष्पा सिहाग ने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के शुभ-कामनाएँ प्रदान की।

# भारत को अपनी संस्कृति, सभ्यता और भाषा पर गर्व करना चाहिए : डॉ. रमेश आर्य



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 9 मार्च :** राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह 'आत्मनिर्भर भारत' समारोह के तौर पर मनाया गया। इस अवसर पर समाज सेविका नारी नारायणी संस्था की अध्यक्ष श्रीमती गुंजन गोयल व समाजसेवी श्री रमेश खत्री मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी हिना पाहुजा द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री रमेश आर्य ने अपने वक्तव्य में बताया कि आत्मनिर्भरता के लिए, भारत को कृषि, उद्योग, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य और वित्तीय संस्थानों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में स्वावलंबी बनने की आवश्यकता है। विकास के इन सभी क्षेत्रों में नवीन संरचनात्मक परिवर्तन किए जाने चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि भारत को अपनी संस्कृति, सभ्यता और भाषा पर भी गर्व करना चाहिए ताकि हम भारत को विश्व के सम्मानित राष्ट्रों में एक महत्वपूर्ण स्थान पर पहुंचा सके। श्रीमती गुंजन गोयल ने कहा की महिलाएं शुरू से ही सशक्त रही है, बस महिलाओं को अपनी ताक़त व प्रतिभा पहचाने की ज़रूरत है। श्री रमेश खत्री ने बताया कि महिलाएं विभिन्न कलाओं व व्यवसाय का प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं।महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी शाइना तेहरिया ने शिविर की सात दिवसीय रिपोर्ट पढ़ी व शिविर में हुई विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान स्वयं सेविकाओं द्वारा आत्मनिर्भरभारत व मतदाता जागरूकता पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे कविता, नृत्य, नाटक आदि प्रस्तुत किए गए। शिविर में सर्वश्रेष्ठ वॉलंटियर का अवार्ड महक को व सर्वश्रेष्ठ टीम का अवार्ड समर्थन टीम को दिया गया। सभी प्रतिभागियों को सर्टीफ़िकेट देकर प्रोत्साहित किया गया।

# भाविप शाखा हांसी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किया निशुल्क अनीमिया जांच कैम्प का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हांसी, 9 मार्च :** भारत विकास परिषद शाखा हांसी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर निशुल्क अनीमिया जांच कैम्प का आयोजन सैनी धर्मशाला मंडी सैन्यान में किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका निशा आहुजा ने बताया कि उन्हें हरी पत्तेदार सब्जियां, मूंगफली, गुड़ व चने का सेवन और हल्का व्यायाम करना चाहिए और इस दौरान 40 महिलाओं के खून की जांच की गई। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष कश्मीरी लाल मनचन्दा, श्रीचन्द आहुजा, राम अवतार सिंह, महिला प्रमुख उर्मिला वत्स, रेणु खुराना, चंचल कौशिक, सतबीर कौशिक आदि उपस्थित थे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।
सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार
विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।




# फिल्म अभिनेता राजकुमार राव की तरह जिला निर्वाचन अधिकारी भी जिला स्तर पर नवाचार, मस्कट व आइकॉन बनाएं : अनुराग अग्रवाल

**पाठकपक्ष न्यूज**
**चंडीगढ़, 9 मार्च :** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने सभी उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे लोकसभा- 2024 के आम चुनावों को देखते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में यथाशीघ्र सेक्टरल ऑफिसर / सुपरवाइजर पद नामित कर दें। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी किये गए भारत के चुनाव आयोग के इलेक्शन प्लानर के अनुरूप अपने-अपने जिलों का डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन प्लानर तैयार करें। सभी जिला चुनाव अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जितने भी फॉर्म-6, 7 और 8 लंबित हैं उनका निपटान शीघ्र अति शीघ्र करें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा फिल्म अभिनेता राजकुमार राव को चुनाव का आइकॉन बनाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इस बार लोकसभा चुनाव में कम से कम 75 प्रतिशत मतदान हो।







